रविवार
13 अगस्त, 2023
केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज





बिहार में बढ़ता अपराध: पटना और बेगूसराय में 1-1 व्यक्ति की हत्या 2



### अमित शाह ने गांधीधाम में इफको के लिक्विड नैनो डीएपी प्लांट की नींव रखी

# प्राकृतिक खेती और किसानों की समृद्धि के लिए नई हरित क्रांति की जरूरत: शाह

- 70 एकड़ क्षेत्र का यह प्लांट महज एक साल में हो जाएगा तैयार
- लिक्विड नैनो डीएपी की खासियत यह होगी कि किसानों को 50 किलो फर्टिलाइजर की जगह आधा लीटर तरल फर्टिलाइजर डालना होगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीधाम में देश भर के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए इफको के लिक्विड नैनो डीएपी प्लांट की नींव रखी। इस प्लांट की खासियत यह होगी कि 50 किलो फर्टिलाइजर की जगह किसान केवल आधा लीटर तरल फर्टिलाइजर अपने खेतों में इस्तेमाल करेंगे। यह प्लांट 70 एकड़ के एरिया में बनेगा। महज एक साल में इसको पूरा करने का लक्ष्य है। सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस इफको के इस प्लांट के बनने के बाद आर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस नैनो फर्टिलाइजर प्लांट से इफको उचित मात्रा और उचित दाम में भारत के किसानों को खाद की सप्लाई करेगा। यह दुनिया का पहला लिक्विड नैनो डीएपी बनाने वाला प्लांट है।

इस मौके पर उन्होंने एक नई हरित क्रांति पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया को प्राकृतिक खेती और किसानों की समृद्धि का रास्ता दिखाने के लिए भारत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नई हरित क्रांति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह हरित क्रांति जैविक उत्पादों के लिए बाजार ढूंढ़कर दुनिया भर से धन भारत लाएगी। शाह ने कहा कि संयंत्र में प्रति दिन 500 मिलीलीटर तरल की 2 लाख बोतलें उत्पादित की जाएंगी, जिससे आयातित उर्वरकों पर देश की निर्भरता कम हो जाएगी और उर्वरकों पर 10,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी बच जाएगी।



### हर प्रकार के अनाज में देश को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य

शाह ने कहा, नई हरित क्रांति का लक्ष्य तीन चीजें हैं - पहला, भारत को न केवल गेहूं और धान, बल्कि हर प्रकार के अनाज में आत्मनिर्भर बनाना, चाहे वह दालें हों या तिलहन; दूसरा, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करके प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाना और मिट्टी को संरक्षित करना; और तीसरा, प्राकृतिक खेती की उपज के लिए बाजार ढूंढ़कर किसानों के लिए समृद्धि लाना। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इन तीन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है और उनके मंत्रालय ने इन्हें हासिल करने के लिए तीन बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अतीत में भारत को गेहूं और चावल आयात करने की जरूरत पड़ती थी। हालांकि, बाद की सरकारों के प्रयासों और पिछले नौ वर्षों में पीएम मोदी के वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देश अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है।

### अमित शाह ने मुरिंग प्लेस का भूमि पूजन व शिलान्यास किया

**भुज।** गुजरात में पाकिस्तान बॉर्डर से लगता 'हरामी नाला', इस अहम सामरिक प्वाइंट की सुरक्षा अब अभेद्य होगी। यहां पर निर्मित 'ओ पी टॉवर' के माध्यम से पाकिस्तान की अवैध घुसपैठ पर 24 घंटे नजर रखी जा सकेगी। शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भुज के कोटेश्वर तट पर मुरिंग प्लेस का भूमि पूजन और शिलान्यास किया है। सीमांत क्षेत्र की सुरक्षा सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही उन्होंने नवनिर्मित चिड़ियामोड़-बियारबेट लिंक रोड और हरामी नाला क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 1164 पर एक ओ पी टॉवर का उद्घाटन भी किया है। 257 करोड़ की लागत के साथ मूरिंग प्लेस परियोजना का अनावरण सीमा सुरक्षा बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके तहत कोटेश्वर तट पर 60 एकड़ के विस्तृत क्षेत्र में मूरिंग प्लेस का निर्माण किया जाएगा, जो क्रीक क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के जहाजों के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के रूप में कार्य करेगा। यह अत्याधुनिक सुविधा से सुसज्जित मुरिंग प्लेस सीमा सुरक्षा बल को क्रीक क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा परिचालन की सुविधा प्रदान करेगा। इस क्षेत्र में तैनात सीमा प्रहरियों के लिए संसाधनों की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

इस अवसर पर शाह ने कहा, कोटेश्वर में मूरिंग प्लेस सीमा सुरक्षा बल की फ्लोटिंग बीओपी और पानी के जहाजों के रखरखाव में मदद करेगा। दुर्गम क्रीक में चौबीसों घंटे निगरानी और संचालन के लिए इनकी उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। सड़क संपर्क संक्रियात्मक और प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में सीमा सुरक्षा बल की तीव्र गति से आवाजाही में मदद कर रहा है।

### यूरिया और डीएपी के क्षेत्र में बाहरी निर्भरता होगी खत्म

शाह ने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि इससे आयात कम होगा और भारत यूरिया और डीएपी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि इन उपायों से भारत जो उर्वरक सब्सिडी बचाएगा, वह किसानों को वापस मिल जाएगी और इससे किसानों और देश दोनों को फायदा होगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) संयंत्र में उत्पादित तरल नैनो यूरिया पृथ्वी को रासायनिक जहर से बचाकर संरक्षित करने, उसकी उर्वरता बनाए रखने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने की चुनौती का सामना करने में किसानों की मदद करेगा

### नैनो यूरिया तरल पर्यावरण अनुकूल स्मार्ट उर्वरक

भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) के मुताबिक, नैनो यूरिया तरल एक पर्यावरण-अनुकूल, उच्च पोषक तत्व उपयोग दक्षता वाला स्मार्ट उर्वरक है और प्रदूषण को कम करने और ग्लोबल वार्मिंग में कमी के लिए एक स्थायी समाधान है। यह पारंपरिक यूरिया का एक आशाजनक विकल्प है। इफको के बयान में कहा गया है कि एक नैनो यूरिया कण का आकार 30 नैनोमीटर होता है और जब पारंपरिक यूरिया की तुलना की जाती है, तो इसका सतह क्षेत्र आयतन आकार से लगभग 10,000 गुना अधिक होता है।

### 15,000 कृषि ऋण समितियां सामान्य सेवा केंद्र में तब्दील

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को व्यवहार्य बनाने के लिए काम किया है और उनसे अपने उपनियमों को बदलने और अधिक लाभ के लिए मॉडल उपनियमों को स्वीकार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि कम से कम 15,000 पैक्स सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) बन गए हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में काम करते हैं।

## संसद में होने के लिए प्रियंका गांधी के पास सारी योग्यताएं: वाड्रा

**नई दिल्ली।** 2024 से पहले रॉबर्ट वाड्रा ने अपनी पत्नी प्रियंका गांधी के लोकसभा चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि संसद में होने के लिए उनके पास सारी योग्यताएं हैं। उम्मीद है कांग्रेस पार्टी यह स्वीकार करेगी। उम्मीद है कि कांग्रेस को यह एहसास होगा और उनके लिए योजना बनाएगी। राहुल गांधी की बहन प्रियंका के चुनाव लड़ने की अटकलें काफी समय से लगाई जा रही हैं लेकिन अब वाड्रा ने बड़ा इशारा किया है। उन्होंने समाचार एजेंसी ढळक को दिए इंटरव्यू में कहा कि प्रियंका गांधी को संसद में होना चाहिए। वह अच्छा काम करेंगी। प्रियंका गांधी की राजनीति में सक्रियता बढ़ रही है। वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। राज्यों में दौरे करती हैं और अपने भाई के साथ अहम बैठकों में भी दिखती हैं। इस समय प्रियंका कांग्रेस पार्टी की महासचिव हैं।

इससे पहले मार्च 2022 में रॉबर्ट ने कहा था कि वह मुरादाबाद से चुनाव लड़ना चाहते हैं। वाड्रा ने तब कहा था, 'हर कोई उम्मीद कर रहा है कि मैं मुरादाबाद या यूपी के किसी शहर से चुनकर संसद जाऊं।

## नया नियम... सभी डॉक्टरों को लिखनी होंगी जेनेरिक दवाएं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने सभी चिकित्सकों के लिए नए नियम जारी किए हैं। इन नियमों के मुताबिक अब सभी डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखनी होंगी, ऐसा न करने पर उन्हें दंडित किया जाएगा और यहां तक कि अभ्यास करने का उनका लाइसेंस भी एक अवधि के लिए निलंबित किया जा सकता है। एनएमसी के दो अगस्त को अधिसूचित नियमों में कहा गया है कि स्वास्थ्य सेवा पर सार्वजनिक खर्च का एक बड़ा हिस्सा दवाओं पर भारत का जेब खर्च है। इसमें कहा गया है, 'जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 30 से 80 फीसदी सस्ती होती हैं। इसलिए, जेनेरिक दवाओं को निर्धारित करने से स्वास्थ्य देखभाल की लागत कम हो सकती है और गुणवत्तापूर्ण देखभाल तक पहुंच में सुधार हो सकता है।'

आयोग ने अपने 'पंजीकृत चिकित्सा अभ्यासकताओं (मेडिकल प्रैक्टिशनर्स) के पेशेवर आचरण से संबंधित विनियमों' में



डॉक्टरों से ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं को निर्धारित करने से बचने के लिए भी कहा है। हालांकि, चिकित्सकों को वर्तमान में केवल जेनेरिक औषधियां ही लिखनी होती हैं और भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा 2002 में जारी विनियमों में कोई दण्डात्मक प्रावधान नहीं है।

ब्रांडेड जेनेरिक दवा वह है जो पेटेंट से बाहर आई है और दवा कंपनियों द्वारा निर्मित है और विभिन्न कंपनियों के ब्रांड नामों के तहत बेची जाती हैं। ये दवाएं ब्रांडेड पेटेंट संस्करण की तुलना में कम महंगी हो सकती हैं, लेकिन दवा के थोक-निर्मित जेनेरिक संस्करण की तुलना में महंगी हो सकती हैं। ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं की कीमतों पर कम नियामक नियंत्रण है।

## मणिपुर के हालात से निपटने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई होनी चाहिए: एम रामेश्वर

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर में बीजेपी की सहयोगी एनपीपी के एक नेता एम रामेश्वर सिंह ने कहा है कि राज्य के हालात से निपटने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। तीन महीने से भी ज्यादा समय से मणिपुर हिंसा की आग में झुलस रहा है। अब तक हिंसा में 150 से ज्यादा लोगों ने जानें गंवा दी हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में एनपीपी नेता एम रामेश्वर सिंह ने कहा, "यह साफ है कि कुछ अवैध अप्रवासी और उग्रवादी सीमा पार से (मणिपुर में) आ रहे हैं। न केवल मणिपुर, बल्कि पूरे देश को बचाना हमारे लिए अहम है। हमेशा के लिए समस्या के समाधान के लिए सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कोई प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए।

एनपीपी नेता ने यह भी कहा कि गृह मंत्री के बयानों से यह साफ है कि कुछ अवैध कुकी उग्रवादी और अप्रवासी सीमा पार से आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कहता रहा हूं कि इसमें (हिंसा) बाहरी आक्रामकता शामिल है। राष्ट्रीय सुरक्षा से भी समझौता किया गया है।

### कहानी गढ़ने की कोशिश हो रही है

एनपीपी नेता ने कहा, मैंने केंद्रीय मंत्री से कहा है कि कुछ एजेंसियां यह कहकर एक कहानी गढ़ने की कोशिश कर रही हैं कि सभी कुकी आतंकी अब शिविरों में हैं और सभी हथियार उनके पास हैं। इस तरह नैरेटिव गढ़ने से मणिपुर के लोगों को संदेह हो रहा है। चिंगारी कहां से उठ रही है? दूसरी तरफ से कौन हमला कर रहा है।




विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मै मकराय नमः शिवाय।।

सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441

' मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

## नीतीश को बिहार के विकास से कोई मतलब नहीं: नित्यानंद राय

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पटना पहुंचते ही सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला है। शनिवार दोपहर पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार की जनता समझ चुकी है कि नीतीश कुमार पूरी तरह से निराश हो चुके हैं। उन्हें बिहार के विकास से कोई मतलब नहीं है और न ही बिहार के विधि व्यवस्था से। बिहार में अपराध चरम पर है। इन सब पर नीतीश कुमार का ध्यान नहीं है।

केंद्रीय गृह राज्य ने आगे कहा कि बिहार का विकास बाधित है और जो भी विकास हो रहा है, वह केंद्र सरकार के पैसे से हो रहा है। बड़ी-बड़ी जितनी योजना प्रधानमंत्री ने बिहार को दी है। उससे कितना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा हुआ है। लोगों को रोजगार मिल रहा है और आगे भी रोजगार मिलेगा। महागठबंधन के नेता केंद्र पर आरोप लगाते हैं कि केंद्र पैसा नहीं दे रहा अगर केंद्र पैसा नहीं दे तो बिहार का विकास नहीं होगा। नित्यानंद राय ने तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार क्या बोलेंगे किस समय बोलेंगे और उसका क्या मतलब होगा वह खुद नहीं समझते हैं। नीतीश जी की जुबान अपनी जुबान तो हैं नहीं वह तो दूसरे की जुबान से बोलते हैं। कहा कि 2024 महागठबंधन का सफाया हो जाएगा। जनता ठउ्अ को 40 में से 40 सीट जीत दिलाएगी। और, जनता भारी बहुमत से जीत दिलाएगी।

### पटना में दिनदहाड़े मेदांता हॉस्पिटल की नर्स को चाकू से गोद दिया

# बिहार में बढ़ता अपराध: पटना और बेगूसराय में 1-1 व्यक्ति की हत्या

- लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं से लोगों में दहशत
- पटना में आए दिन हो रही हत्या और लूट की घटनाएं
- आम जन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर न प्रशासन न ही सीएम गंभीर

केटी न्यूज/पटना



पटना में दिनदहाड़े मेदांता हॉस्पिटल की नर्स की हत्या कर दी गई। अपराधी ने बीच सड़क पर चाकू गोदकर उसे मार डाला। घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र के साईं नेत्रालय के पास की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नर्स ड्यूटी कर घर लौट रही थी। इसी बीच अपराधी अचानक नर्स के सामने आकर खड़ा हो गया। नर्स जबतक कुछ समझ पाती, अपराधी ने चाकू निकाला और नर्स पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करने लगा। नर्स तब तक बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। उसे मरा हुआ समझ कर अपराधी फरार हो गए।

इधर, घटना के बाद इलाकें में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने घायल नर्स को अस्पताल में भर्ती करवाया लेकिन अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। मृतका की पहचान पूर्णिया निवासी सोनी कुमारी (25) के रूप में हुई है। इधर, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। कंकड़बाग थाना प्रभारी रवि शंकर ने बताया कि प्रथम दृष्टया में मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से अपराधी की तलाश में छापेमारी की जा रही है। मृतका के परिवार वालों को जानकारी दे दी गई है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

### जमीन कारोबारी को मारी सात गोली

बेगूसराय में जमीन कारोबारी की अपराधियों ने हत्या कर दी। शुक्रवार देर रात अपराधियों ने जमीन कारोबारी को पटना से बुलाया था। जैसे ही वह एफसीआई थाना क्षेत्र के जीरोमाइल के पास पहुंचे, वैसे ही अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद ताबड़तोड़ गोलीबारी करने लगे। अपराधियों ने कारोबारी को 7 गोली मारी। इसमें कारोबारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोलीबारी के बाद इलाके में हड़कंप गया। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया जमीन खरीद-बिक्री को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है। मृतक की पहचान बलिया थाना क्षेत्र के सदानंदपुर गांव के रहने वाले आशुतोष कुमार के रूप में की गई है। आशुतोष सपरिवार पटना में रहते थे और वहीं रहकर बेगूसराय में भी जमीन खरीद बिक्री का कारोबार करते थे। शुक्रवार रात किसी ने उन्हें फोन करके जीरोमाइल बुलाया था। कहा था कि आपके जो भी बकाए रुपये हैं, जीरोमाइल आकर ले लें। इसके बाद वह पटना से बेगूसराय पहुंचे थे। जैसे ही यहां पहुंचे उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### पटना में अपराधियों ने युवक को मारी गोली

पटना में दिनदहाड़े अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। उसकी हालत गंभीर है। अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड के पास की है। शनिवार सुबह युवक अपने बच्चों को स्कूल छोड़कर लौट रहा था, इसी दौरान बाइक सवार अपराधी आए और उसे गोली मार दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर गया और बेहोश हो गया। युवक को मरा हुआ समझ अपराधी फरार हो गए। घायल युवक की पहचान बाढ़ थाना क्षेत्र के मिल्की निवासी मोहन कुमार के रूप में हुई है।

## पीएचईडी के पूर्व कार्यकारी अभियंता के खिलाफ चार्जशीट

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने आय से अधिक संपत्ति के मामले में बिहार लोक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग (पीएचईडी) के पूर्व कार्यकारी अभियंता और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। ईडी ने 10 अगस्त को एक बयान में कहा कि पटना में धन शोधन निवारण अधिनियम की एक विशेष अदालत ने पीएचईडी, समस्तीपुर के पूर्व कार्यकारी अभियंता संजय कुमार सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह, बेटे अभिषेक आशीष और अनुनय आशीष और पिता अंबिका प्रसाद के खिलाफ दायर अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लिया।

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने अदालत से आरोपियों की 1.48 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने की अनुमति देने का भी अनुरोध किया है, जो मार्च 2022 में उसके द्वारा कुर्क की गई थी। ईडी ने कहा कि पीएचईडी में कार्यकारी अभियंता के रूप में काम करते हुए संजय कुमार ने 15 जुलाई 1987 से चार सितंबर 2013 की अवधि के दौरान अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर लगभग 1.83 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। ईडी ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते हुए एक लोक सेवक के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करके अवैध तरीकों से 1.83 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की गई है।

**एक नजर**

### डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने दिया भरोसा, आशा कार्यकताओं को मिलेगा 2500 प्रति माह मानदेय

**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक की है। इसमें उप मुख्यमंत्री ने आशा कार्यकताओं के प्रतिनिधियों को एनएचएम के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली राशि को ढाई गुना बढ़ाते हुए रू. 2500 प्रति माह मानदेय करने का आश्वासन दिया। इस पर लगभग रू. 180 करोड़ प्रतिवर्ष अतिरिक्त राशि व्यय होगी। बता दें कि, तेजस्वी यादव ने आशा कार्यकताओं को बड़ी राहत दी है। वहीं केंद्र से संबंधित अन्य मांगों हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार से बातचीत करने का आश्वासन दिया है। वहीं आशा कार्यकताओं के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। बता दें कि, पिछले 31 दिनों से आशा कार्यकताओं अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकाल के लिए हड़ताल पर थी। इनकी मांग थी कि, आशा को राज्यकर्मी का दर्जा दी जाए। आशा और फैसिलिटेटर को 10 हजार मासिक वेतन, कोरोना महामारी में मृत आशा कार्यकताओं के स्वजन को चार लाख रुपये का मुआवजा, पेंशन योजना बहाल करने के साथ अन्य मांग थी।

मेडिकल क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा ऑफर
विश्वामित्र हॉस्पीटल
गोलम्बर बक्सर
रिक्त पद
(Vacancy)
Date of interview
10/08/2023 to 14/08/2023
✓ Reception-2 post
✓ Medical salesman-2post
✓ Manager-2post. qualification MBA
✓ Computer knowledge compulsory
✓ Lab technician-1post (Qualification-DMLT)
Note - Salary in 5 digit
DR. Rajiv Kumar Jha
Vishwamitra Hospital Golamber, Buxar
Director

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई

AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services
A Revolutionary Initiative

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

Moments and Accolades



Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## बाइक व साइकिल की टक्कर में दो जख्मी

**चौगाई।** कोरानसराय चौगाई मार्ग पर मुरार थाना के सामने शनिवार की सुबह 10 बजे एक बाइक व साइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार व साइकिल सवार दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने दोनों जख्मियों को तत्काल डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया। जख्मी बाइक चालक डुमरांव के महंथ शर्मा जबकि साइकिल सवार कोन्ही गांव के सुदर्शन यादव का 15 वर्षीय पुत्र ब्रजेश है। महंथ चौगाई पोस्टऑफिस के पोस्टमास्टर हैं जबकि किशोर छात्र है।

## पुलिस पदाधिकारियों की आपसी खींचतान से अपराधियों का बढ़ा मनोबल

- डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में घटनाएं बढ़ीं, अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं
- हाल के दिनों में क्षेत्र में हुई हैं एक-के बाद कई घटनाएं

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल इलाका इन दिनों अपराधियों व लुटेरों की वारदात से जितना सुर्खियों में है उससे अधिक पदाधिकारियों की आपसी खींचतान से भी चर्चा में है। जानकारों की मानें तो पिछले कुछ महीनों से पुलिस पदाधिकारियों में आपसी खींचतान जारी है।




जिसका सीधा असर विधि व्यवस्था पर पड़ रहा है। वहीं अपराधियों व लुटेरों को भी इस बात की भनक लग चुकी है कि पुलिस का आपसी तालमेल ठीक नहीं है। यही कारण है कि वे बेखौफ हो घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। हाल की कुछ घटनाओं पर नजर डालें तो साफ हो जाएगा कि डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में अपराधियों व लुटेरों में पुलिस का खौफ नहीं है।

बता दें कि 30 जुलाई की रात वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के आथर गांव में जमीन विवाद में अपराधियों ने हीरालाल यादव के घर पर हमला कर उन्हें गोली मार दी थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। 2 अगस्त को नावानगर थाना क्षेत्र के मणियां गांव में जमीन विवाद में फायरिंग हुई थी। वही 3 अगस्त को सीएसपी संचालक सुबोध रंजन लाल से एनएच 922 पर छोटका ढकाईच के पास सरेआम लूटेरों ने 3.68 लाख रूपए लूट लिए थे। इस घटना का मुख्य सरगना धन्नु अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। जबकि पुलिस के पास उसके खिलाफ ठोस सबूत भी मिले हैं। पुलिस अभी उसे गिरफ्तार भी नहीं कर पाई है कि 11 अगस्त की रात सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के टिकपोखर गांव के पास लूटेरों ने आभूषण व्यवसायी रंजन कुमार उर्फ गुल्टु से एक लाख नगद रूपए तथा कुछ चांदी के पुराने आभूषण लूट लिए।

वही शुक्रवार की देर शाम कोरानसराय में लोगों ने एक घर पर हमला कर दिया था। इन घटनाओं से साफ होता है कि अपराधियों के साथ आम जन में पुलिस का डर नहीं रह गया है। वहीं सूत्रों की मानें तो पुलिस पदाधिकारियों की आपस में नहीं बनना अपराधियों व लुटेरों पर लगाम लगाने में आड़े आ रहा है।

## एक नजर

### आज बक्सर आ रहे हैं पूर्व सांसद आनंद मोहन व लवली आनंद, समर्थक करेंगे जोरदार स्वागत

**बक्सर।** पूर्व सांसद आनंद मोहन, उनकी पत्नी पूर्व सांसद लवली आनंद तथा विधायक चेतन आनंद रविवार को बक्सर आ रहे हैं। वे दोपहर 12 बजे बक्सर किला मैदान स्थित रामलीला मंच पहुंचेंगे। जहां जेल से 16 वर्षों के बाद रिहा होने पर उनके समर्थकों द्वारा उनका सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। वहीं वे जन संवाद भी करेंगे। जन संवाद में बिहार की वर्तमान राजनीति की दिशा व दशा पर चर्चा होगी। यह आयोजन फ्रेंड्स ऑफ आनंद तथा चंद्रशेखर फाउंडेशन द्वारा करवाया जा रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए बक्सर नगर परिषद के उप चेयरमैन प्रतिनिधि रामजी सिंह ने बताया कि उनके समर्थक उनका जोरदार स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद 20 वर्षों के बाद बक्सर आ रहे है। जिस कारण दूर दराज से भी उनके समर्थकों की भीड़ उमड़ेगी। जिसे देखते हुए तैयारी पूरी कर ली गई है।

### कतिकनार के वार्ड नंबर 14 स्थित आंगनबाड़ी भवन पर अवैध कब्जा, बीडीओ ने की जांच



**केसठ।** प्रखंड कतिकनार वार्ड 14 स्थित आंगनवाड़ी भवन पर एक व्यक्ति द्वारा करीब तीन वर्षों से अवैध कब्जा कर अपना बसेरा बना लिया है। इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को शिकायत मिली हुई थी। जिसके बाद बीडीओ ने शनिवार को उस आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि राजेंद्र यादव द्वारा करीब 3 वर्षों से उस आंगनबाड़ी भवन पर अवैध रूप से अपना कब्जा जमाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 14 की सेविका द्वारा किराये के मकान में आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन करती है। सेविका ने बताया कि सरकार द्वारा निर्मित आंगनबाड़ी भवन पर राजेंद्र यादव के द्वारा अवैध रूप से करीब 3 सालों से कब्जा जमाया गया है और वह अपने निजी कार्य हेतु उस भवन का उपयोग करते हैं। बीडीओ ने कहा कि निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उस आंगनबाड़ी भवन में अवैध रूप से कब्जा किया गया है और उसके कमरों में पशुओं का चारा रखा गया है। उन्होंने कहा कि राजेंद्र यादव को 7 दिन में अवैध कब्जा हटाने को लेकर समय दिया गया है। अगर वह कब्जा नहीं हटाता है तो उसपर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा तथा जितने दिनों से कब्जा जमाए हुए है उतने दिनों तक का किराया भी वसूला जाएगा। स्थानीय लोगों की मानें तो सरकारी स्तर पर यह आंगनबाड़ी केंद्र एक ठेकेदार द्वारा लगभग 3 वर्ष पहले बनाया गया था लेकिन विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया। तब से वह अवैध कब्जे में है।

### केसठ में 15 अगस्त को निकलेगी एक हजार मीटर लंबी तिरंगा यात्रा, हजारों लोग होंगे शामिल

**केसठ।** प्रखंड के नया बाजार स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के परिसर में क्षेत्र के युवाओं, व्यवसायियों एवं आम लोगों की शनिवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी नंदजी यादव ने व संचालन रतन राउत ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से केसठ में 15 अगस्त को एक हजार मीटर लंबा तिरंगा यात्रा निकालने पर चर्चा की गई। वही तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। रतन राउत ने बताया कि तिरंगा यात्रा दिन के 12 बजे से नया बाजार, मां भवानी मंदिर से निकलकर मुख्य बाजार, पुराना बाजार, बस पड़ाव होते हुए नया बाजार में संपन्न होगा। तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। धर्मेंद्र गुप्ता, हिमांशु कुमार, विनोद मास्टर, अमित कुमार, विकास कुमार, राकेश दुबे, हरेंद्र दुबे, मुकेश कुमार, आदित्य पटेल, आकाश कुमार, ऋषि कांत दुबे समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## डुमरांव के सफाईकर्मियों ने की हड़ताल, सड़कों पर फैली गंदगी



- दैनिक वेतन को लेकर फिर हड़ताल पर गए सफाईकर्मी
- नगर परिषद प्रशासन ने दिया एनजीओ को वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव की सड़कें हो या गलियां शनिवार को हर तरफ कचरे का ढेर नजर आया। दैनिक वेतन को लेकर सफाईकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण ऐसी स्थिति बनी है। सड़कों पर फैली गंदगी के बीच लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। दरअसल, सफाईकर्मियों ने अपने नियमित तय वेतन देने में आनाकानी करने पर एनजीओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हालांकि शहर को इस नारकीय स्थिति से बचाने के लिए

सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने से हर तरफ कूड़े का अंबार लगा है। शहर के मुख्य सड़कों पर कई जगह फेंके गये सड़े गले फल और सब्जियों के कारण बदबू उठने लगी है। इस परिस्थिति में लोग नाक पर रुमाल रखने को विवश है। कूड़े का उठाव ठप होने से घर-घर बांटे गए डस्टबीन भी कचड़ों से भर गया है। घर की महिलाएं परेशान है कि इसे कहां फेके। दरअसल नगर परिषद क्षेत्र के वार्डो में करीब 18 से 20 टन कचरे का उठाव होता है जिसमे घरों के कचरे भी शामिल है। इसके निस्तारण को लेकर दैनिक और एनजीओ के मजदूर कार्यरत हैं। सफाईकर्मी संजय सिंह, गोधन डोम, त्रिलोकी, सुदामा, ललन, रवि, जीतन, छठु, मुकेश, गोरख, रवि, कृष्णा, झाबर, राजू, सरोज, दीपक, विनोद आदि ने बताया कि एनजीओ द्वारा जब तक बकाया राशि का भुगतान नही किया जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

## जमीन विवाद से जुड़े हैं दोनों मामले, कोई हताहत नहीं

# बक्सर में कुछ घंटों के अंतराल पर दो जगहों पर चली गोली, दहशत

- मुसाफिर गंज में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष के घर फायरिंग
- गोलंबर के 52 बीघा इलाके में जमीन विवाद में चली गोली, तीन हिरासत में

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय में जमीन विवाद के मामले थमने के नाम नहीं ले रहे है। शनिवार को महज कुछ घंटों के अंतराल में शहर के दो इलाकों में गोलीबारी हुई है। संयोग से कोई हताहत नहीं हुआ है। दोनों मामले जमीन विवाद से जुड़े हैं। हवाई फायरिंग की सूचना के बाद दोनों जगहों पर पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पहली घटना सुबह आठ बजे नगर थाना क्षेत्र के मुसाफिरगंज मोहल्ले में भाजपा नेता तथा पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पुनीत सिंह के घर पर हुई है। जानकारी के अनुसार पुनीत सिंह का अपने पट्टीदारों से एक


जांच करते एसडीपीओ गोरख राम व नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार।

भूखंड पर विवाद चल रहा है। फिलहाल उक्त जमीन पुनीत के कब्जे में है तथा उसकी चाहरदीवारी कराई गई थी। शनिवार को सुबह उनके पट्टीदार वहां पहुंचे तथा दीवाल तोड़ने लगे। पुनीत के परिजनों द्वारा इस घटना का विरोध किया गया। जिसके बाद दूसरे पक्ष द्वारा हवाई फायरिंग शुरू कर दी गई। फायरिंग होते ही वहां अफरा तफरी मच गई। लोगों ने अपनी खिड़कियां व दरवाजे बंद कर लिए। जानकारी मिलते ही नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार के साथ एसडीपीओ गोरख राम भी सदल बल मौके पर पहुंचे। इस संबंध में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर एफआईआर दर्ज कराया है।

वहीं दूसरी घटना दोपहर में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोलंबर के पास स्थित बावन बीघा इलाके की है। जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के मंझरियां गांव अनिल सिंह की 52 बीघा इलाके में सवा तीन कट्ठा जमीन है। इस जमीन पर वीरेंद्र तिवारी नामक व्यक्ति भी अपनी दावेदारी कर रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार को दोपहर अचानक वीरेंद्र तिवारी उक्त भूखंड पर कब्जा जमाने की नियत से बाउंड्री कराने लगे। इसकी जानकारी होते ही अनिल सिंह अपने पुत्र अतुल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। इन्हें वहां आता देख पहले से खड़े हथियारबंद लोगों ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी।

सूत्रों की मानें तो वीरेंद्र तिवारी के साथ मौजूद सुंदरम तिवारी और गुड्डू नामक एक व्यक्ति द्वारा फायरिंग की गई है। कुल सात राउंड गोली चलने की बात बताई जा रही है। इस घटना के बाद अनिल सिंह वहा से भाग खड़े हुए तथा पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मुख्यालय डीएसपी सह प्रभारी एसपी अशफाक अंसारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। हालांकि उन्होंने गोलीबारी की घटना से इंकार किया है।



### रास्ते में खड़ी बाइक बनी वजह, दोनों पक्षों ने दर्ज करायी प्राथमिकी

# दो पक्षों के बीच विवाद में रणक्षेत्र बना कोरानसराय, घंटों मचा बवाल

♦ दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट व फायरिंग का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**



कोरानसराय थाना क्षेत्र का स्थानीय गांव शुक्रवार की देर शाम दो पक्षों के बीच विवाद में रणक्षेत्र बन गया था। मात्र रास्ते में खड़ी बाइक हटाने के सवाल पर शुरू हुए इस विवाद की असल जड़ जमीन विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। जबकि इस दौरान मामाल काफी उग्र हो गया था तथा विवाद के दौरान हवाई फायरिंग भी किया गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर जान मारने की नीयत से गोलीबारी करने, धमकी देने, रंगदारी मांगने तथा सोने का चेन छिनने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में एक पक्ष के कोरान निवासी अभय दूबे पिता स्व दीनानाथ दूबे ने गांव के ही पंकज तिवारी, राजन तिवारी, गौतम तिवारी, सम्राट तिवारी तथा बुआ तिवारी पर जान मारने की धमकी देने, हवाई फायरिंग करने, रंगदारी मांगने तथा सोने का चेन छिनने का आरोप लगाया है तो दूसरे पक्ष के गौतम तिवारी ने अभय दूबे समेत 20-30 अज्ञात लोगों पर दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज व मारपीट करने तथा फायरिंग करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम पंकज तिवारी अपने चारपहिया वाहन से कोरानसराय मुख्य चौक से घर जा रहा था। थोडा आगे रास्ते पर कुछ लोगों ने अपनी बाइक खड़ी की थी। जिस कारण उसे अपना वाहन ले जाने में परेशानी हो रही थी। पंकज ने बाइक हटाने को कहा लेकिन बाइक चालक अड़ गया। जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई। बताया जाता है कि बाइक चालक गड़ही डेरा का था। इस विवाद में अभय दूबे भी कूद पड़ा। जानकारों का कहना है कि अभय तथा पंकज के परिवारों के बीच पूर्व से जमीन का विवाद भी चल रहा है। अभय ने ही गडही डेरा में फोन कर इस घटना की जानकारी दी। तब गडही डेरा के दर्जनों लोग लाठी डंडा से लैश हो पंकज तिवारी के दरवाजे पर आ धमके थे। बताया जाता है कि इसी दौरान फायरिंग भी हुई थी। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल कोरानसराय पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि इस दौरान कोरानसराय चौक पर करीब एक घंटे तक हंगामा होते रहा। यदि पुलिस ने सुझबूझ से काम नहीं लिया होता तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्षः** दोनों तरफ से लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों को पकड़ा जाएगा। फिलवक्त स्थिति नियंत्रण में है। दोनों पक्षों को शांत रहने का निर्देश दिया गया है। **- रंजीत कुमार, थानाध्यक्ष, कोरानसराय**

## बिजली मरम्मत के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के स्थानीय चौक के पास शनिवार को दोपहर घरेलु बिजली मरम्मत के दौरान एक युवक करंट की चपेट में आ बूरी तरह से झुलस गया। परिजन उसे इलाज के लिए लेकर तत्काल बक्सर जाने लगे। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया।

मृतक कृष्णाब्रह्म के केदार यादव का 33 वर्षीय पुत्र रविन्द्र कुमार है। जानकारी के अनुसार वह शनिवार को अपने घर में बिजली उपकरणों की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झूलस गया था। परिजन उसे लेकर आनन फानन में बक्सर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कृष्णाब्रह्म के प्रभारी थानाध्यक्ष पीके देव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वहीं इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। जवान बेटे की मौत से परिजनों पर गम का पहाड़ टूट गया है। घटना के बाद से ही उसके पिता केदार यादव समेत पूरा परिवार बेसुध हो गया है।

## सदर अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों और मरीज के परिजनों के बीच जमकर चले लात-घूसे

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को बक्सर सदर अस्पताल कुछ समय के लिए रणक्षेत्र बन गया था। यहां सुरक्षाकर्मियों और मरीजों के परिजनों के बीच मारपीट की घटना से अफरातफरी का माहौल कायम हो गया था। जानकारी के अनुसार मरीज के परिजन और सदर अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मी आपस में भिड़ गए थे। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाया है। मरीज के परिजनों का कहना था कि अल्ट्रासाउंड केंद्र में उनके साथ होमगार्ड के जवान द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। दूसरी तरफ होमगार्ड के जवान व चिकित्सकों ने मरीज के परिजनों पर बदतमीजी करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मरीज के परिजनों को हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए थाने ले गई।

घटना के संबंध में अभिषेक श्रीवास्तव नाम के युवक ने बताया कि वह अपनी मां का इलाज कराने अस्पताल आए थे। इस दौरान होमगार्ड के जवान अल्ट्रासाउंड केंद्र में मौजलूद महिलाओं के साथ बदतमीजी कर रहे थे। उन्होंने इस बात का विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई। मारपीट में उनके साथ खड़े शशि मौर्य नामक युवक का सिर फट गया। बाद में वीरेंद्र यादव नामक एक युवक ने बीच बचाव कर मामले की सुलझाने की कोशिश की लेकिन उसके साथ भी होमगार्ड के जवानों ने दुर्व्यवहार किया।

उधर, चिकित्सक डॉ अनिल सिंह एवं डॉ रजक ने बताया कि युवक परिजनों को लेकर इलाज कराने के लिए पहुंचे हुए थे लेकिन वह लगातार दुर्व्यवहार कर रहे थे और इसका वीडियो भी बना रहे थे मना करने पर युवक मारपीट पर उतारू हो गए।

## मृतक युवक की मां ने हत्या का आरोप लगा पांच पर दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव के एक युवक की मौत मामला में नया मोड़ सामने आया है। मृतक की मां गीता देवी ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना में पांच लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। वहीं दर्ज एफआईआर में मृतक की पत्नी कुमकुम देवी व ससुर बड़क साह गवाह हैं।

हत्या के मामले में नामजद लोग मृतक के पट्टीदार बताए जाते हैं। मृतक की मां ने दर्ज एफआईआर बताया है कि उसके पुत्र की हत्या पट्टीदारों द्वारा गला दबाकर की गई है। बताया जाता है, कि आपसी विवाद को लेकर युवक चंद्रजीत साह के पट्टीदारों के साथ झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उसको इलाज के लिए नावानगर सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई थी। संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत होने के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। इस संबंध में पूछे जाने पर डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि मृतक की मां के द्वारा दिए गए आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।









### संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

# मारपीट में चोट लगने से महिला की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के गौरा गांव में शनिवार की एक विवाहिता की मौत हो गयी। सुबह गले में दर्द की शिकायत पर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल लेकर जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। वह एक दिन पहले ही अपने ससुराल से मायके आयी थी। उसके मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट करने के कारण मौत होने का आरोप लगाया है। मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बचरी गांव निवासी भोला चौधरी की पत्नी नीतू देवी थी।

मृतका की भाभी कांति देवी ने बताया कि नीतू की शादी को 19 वर्ष हो चुके हैं। उसे एक बेटा भी है, जिसका नाम सुखल कुमार है। घरेलू विवाद को लेकर उसके ससुराल वाले उसे बराबर प्रताड़ित करते थे। उसके साथ मारपीट भी की जाती थी। जिसके कारण वह चार वर्ष से अपने मायके में ही रहती थी। दो माह पूर्व अपने ससुराल गयी थी, लेकिन ससुराल वालों की प्रताड़ना बंद नहीं हुई। ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जिसका वीडियो उसके मोबाइल पर आया, तो उसने अपने पति उपेंद्र ठाकुर को भी वो वीडियो दिखया। जिसके बाद गुरुवार को उसे ससुराल से घर वापस मायके लाया गया। घर आने के बाद वह काफी सहमी हुई थी और खाना भी नहीं खा रही थी। सिर्फ पानी पी रही थी। बार-बार वो कंठ में दर्द होने की शिकायत कर रही थी। इसी बीच शनिवार की सुबह उसकी तबीयत काफी बिगड़ गयी। उसे इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। कांति देवी ने नीतू के जेठ, दो ननद और सास पर मारपीट का आरोप लगाया है। कहा गया कि मारपीट में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गयी है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



■ चार साल बाद ससुराल लौटी थी विवाहिता, दो माह में घर से निकाला

## बिच्छू के डंक मारने से मासूम की मौत

**आरा।** जिले के पवना थाना क्षेत्र के धोबहां टोला गांव में बिच्छू के डंक मारने से पांच साल की बच्ची की मौत हो गयी। जिसे शनिवार की सुबह सदर अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृत बच्ची धोबहा टोला गांव निवासी राजेश कुमार यादव की बेटी पम्मी कुमारी थी। उसके चाचा सरोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को स्कूल से लौटने के बाद वह घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। उसी दौरान एक बिच्छू ने उसे डंक मार दिया। उसने साथ खेल रहे बच्चों ने बताया कि उसे बिच्छू ने डंक मार दिया है। उसके बाद परिजन उसे अगिआंव बाजार स्थित निजी क्लीनिक ले गए। बाद में सांप डंसने के संदेह पर उन्होंने झाड़-फूंक भी कराया। जहां बच्ची ठीक हो गयी थी। शनिवार की सुबह उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। अनान-फानन में परिजन इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 15 से 31 अगस्त तक पंचायतों में होगा ग्राम संसद का आयोजन

**जहानाबाद।** जदयू जिला कार्यालय में सदर प्रखंड अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि नगर परिषद क्षेत्र में महादलित टोला में 15 अगस्त को झंडोतोलन किया जाएगा। वहीं, 15 से 31 अगस्त तक हर पंचायत में ग्राम संसद का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा विकास के कार्यों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का निर्णय लिया गया। हर पंचायत में पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक का पंचायत कमिटी का गठन किया जाएगा। बैठक में विधानसभा प्रभारी रविन्द्र पटेल, संगठन प्रभारी महेंद्र कुमार सिंह, श्यामदेव चंद्रवंशी, जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मू व पार्टी के अन्य लोग मौजूद रहें।

## युवक की नहर में डूबने से मौत दो दिन बाद उतराता मिला शव

**आरा।** जिले के पीरो नगर से शौच के लिए निकले एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गयी। जिसका शव शनिवार की सुबह चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदरिहां गांव स्थित नहर से बरामद हुआ। बताया जाता है कि वो गुरुवार की शाम घर से निकाल था। मृत युवक पीरो नगर के वार्ड नंबर 16 निवासी महमूद खां का बेटा मो. फिरोज खां था।

भाई अयूब खान ने बताया कि वह गुरुवार की घर से नहर की ओर गया था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा, तो शुक्रवार की सुबह से उसकी खोजबीन की गयी। मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार की सुबह वे नहर के रास्ते उसकी तलाश में जा रहे थे, इस बीच चरपोखरी थाने के नगरांव गांव के पास कुछ लड़कों ने बताया कि एक शव सुबह उतरा रहा था। उस आधार पर वे लोग आगे बढ़े तो मदरिहां गांव स्थित नहर में उसका शव उपलाता देखा गया। उसके बाद स्थानीय चौकीदार और ग्रामीणों की मदद से उसके शव को वाहर निकाला गया। जिसके बाद स्थानीय पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। उन्होंने आशंका जतायी कि शौच करने के दौरान वह नहर में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गयी है।



## परेड में भाग लेने हेतु शिविर का आयोजन

**अरवल।** भारत स्काउट और गाइड द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह में परेड में भाग लेने हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम वर्षा सिंह, एसडीओ राजीव रौशन एवं गोपनीय पदाधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर स्काउट एंड गाइड के बच्चों को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि आपके बीच आने पर मुझे बचपन याद आ गया। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व से ही जिले में भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा खुशनुमा माहौल मनाया जा रहा है। जो बहुत ही काबिले तारीफ है। डीएम ने कहा कि नौनिहाल बच्चों के मन में कम उम्र से ही राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की जा रही है। हम तभी तक जिंदा हैं जब तक यह राष्ट्र है राष्ट्र के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। हम सभी अपनी संस्कृति अपनी जमीन से जुड़ना चाहते हैं।









### दहशत: बलिया के चक्की नौरंगा गांव से मात्र 300 मीटर दूरी पर बह रही गंगा

# दो बीघा खेत गंगा में समाए, कटान जारी

**केटी न्यूज/बलिया**



गंगा उस पार प्रदेश के अंतिम गांव नौरंगा ग्राम पंचायत अंतर्गत भगवानपुर मौजा में आबाद चक्की नौरंगा गांव के सामने शुक्रवार से शुरू हुआ कटान थमने का नाम नहीं ले रहा है। 10 से 15 फिट जमीन गंगा में समाहित होती जा रही है। ग्रामीण अपने आखों के सामने लहलहाते खेत को गंगा के कटान में जाते देखने को मजबूर हैं। शुक्रवार सुबह कटान बढ़ने से लगभग 10 मीटर के चौड़ाई में दो बिघा परवल का खेत गंगा में समाहित हो गया। अब गंगा का कटान चक्की नौरंगा गांव से मात्र 300 मीटर के दूरी पर रह गया है। इससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है।

शुवाल छपरा के ग्रामीण अक्षय चौबे, व रामाकांत ठाकुर ने बताया कि वर्ष 1840 में यह गांव व मौजा भुआल छपरा कट कर गंगा में विलीन हो गया था। 1882 में यह गांव बस्ती के रूप में आधा अधूरा आबाद हुआ। धीरे धीरे आबादी बढ़ती गई। लगता है कि आने वाले समय में यह गांव फिर से कटान का भेंट चढ़ जाएगा। पवन ठाकुर, विकास ठाकुर, नन्हक, नमोनारायण, संजय, विजय, बजरंगी ठाकुर सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि अब गंगा का रुख नौरांगा को रगड़ते हुए चक्की गांव के पूरब गांव से मात्र 300 मीटर के दूरी पर रह गया है।

**ज्वैनियां में कटान रुका तो नौरंगा, भुवाल छपरा प्रभावित :** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हम लोगों को कई पूछने वाला नहीं है। तीन साल पहले कटान रोकने के लिए परक्यूपाइन लगाया गया था। उसी साल गंगा में समाहित हो गया। तब से अब तक कोई झांकने के लिए नहीं आया। बिहार राज्य के सटे जवैनिया गांव में कटान रोधी कार्य जोरों से कराया जा रहा है। अगर ज्वैनियां में कटान रुक गया तो गंगा की धारा मुड़ कर पूरे नौरंगा, भुवाल छपरा गांव को अपने आगोश में ले लेगी। बुधवार से शुरू हुआ चक्की नौरंगा में गंगा का कटान शुक्रवार तक गांव के सामने लगभग 100 बीघा उपजाऊ खेत लील चुका है। किसानों ने इसमें परवल व मक्का की खेती थी। केंद्रीय जल आयोग का गायघाट के अनुसार गंगा का जलस्तर श?निवार की सुबह 12 बजे 57.330 मीटर दर्ज किया गया। प्रति घंटा दो सेंटीमीटर का घटाव बना हुआ है।

**घड़ियाल ने मचाई दहशत :** गंगा उस पार चक्की तौरंगा गांव में कटान देखने गए ग्रामीणों में उस समय दहशत फैल गई जब गंगा की धारा में लंबा घड़ियाल तैरते हुए किनारे आ गया। छड़ भर के लिए तो भगदड़ मच गई। युवक ईंट से घड़ियाल को पानी में भेजने मे सफल हो गए। ग्रामीणों ने आशंका व्यक्त की कि अभी पानी घट रहा है। पानी बढ़ने पर यह घड़ियाल बस्ती में पहुंच सकता है।

### डीएम ने प्रभावित इलाकों का लिया जायजा

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी एस. आनंद ने शनिवार को बाढ़ से प्रभावित गांव रेंगहा और रामपुर नंबरी का स्थलीय निरीक्षण किया। ज़िलाधिकारी ने गांव के लोगों से बाढ से होने वाली समस्याओं के बारे में बातचीत की और हरसंभाव सहयोग का भरोसा दिलाया। बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता एवं वहां उपस्थित नायब तहसीलदार को भी सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि गांव के लोगों को आवागमन के लिए बड़ी नाव की व्यवस्था कराएं, जिससे लोगों को अपने दैनिक जीवन की मूलभूत चीजों को लाने में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। गांव के लोगों ने बिजली आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था देने के लिए जिलाधिकारी से मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता को रात के समय गांव में जनरेटर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। साथ ही गांव के नजदीक बने बांध से एकाध जगह से पानी रिसने की गांव के लोगों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि तत्काल उस रिसाव को बंद कराएँ। जिलाधिकारी ने लोगों को आश्वस्त किया कि बाढ़ को देखते हुए पूरा प्रशासन अलर्ट मोड में है।

### बाढ़ के पानी में उतराया मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

बलिया। बैरिया क्षेत्र के नारायणगढ़ निवासी धनजी यादव उर्फ भोदा यादव 70 वर्ष का शव सुरेमनपुर पुराने रेलवे स्टेशन के निकट बालक बाबा सेतु के नीचे सरयू नदी के बाढ़ के पानी में शनिवार को उतराया मिला। शव की सूचना से क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर रेवती और बैरिया पुलिस दोनों पहुंच गई थी। शव को बैरिया पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया है। बता दें कि धनजी यादव उर्फ भोदा यादव शुक्रवार की सुबह अपने भैंसों को लेकर सुरेमनपुर दियारांचल के खेतों में चराने के लिए निकले थे। शुक्रवार की रात वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने सोचा की दियारे में ही मवेशियों के साथ किसी डेरा पर रुक गए होंगे। किंतु शनिवार की सुबह जब बालक बाबा पुल के नीचे शव उतराया मिला तो सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं बैरिया और रेवती दोनों थानों की पुलिस भी पहुंच गई। भोदा यादव का घर रेवती थाना क्षेत्र में है। जबकि उनका शव बैरिया थाना क्षेत्र के बालक बाबा पुल के नीचे बाढ़ के पानी में उतराया मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अंशुमन ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मारी बाजी



**बलिया।** गाजीपुर में आयोजित सेंट जोन्स स्कूल में खेले गये अंडर 14 बॉलीबाल प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों के स्कूल ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में बलिया के कैस्टरब्रीज स्कूल के छात्र अंशुमन श्रीवास्तव ने टीम के कप्तान ने ना सिर्फ टीम को विजेता बनाया। बल्कि पूरे प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। आपको बताते चले कि अंशुमान बचपन से ही खेल को लेकर काफी उत्साहित रहा है। यही वजह है कि उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने स्कूल एवं जनपद का नाम रौशन किया है।

गाजीपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न जनपद के लगभग दर्जनों स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया। 14 बॉलीबाल प्रतियोगिता गाजीपुर–बलिया के बीच रहा। जिसमें कैस्टरब्रीज स्कूल के छात्र अंशुमन श्रीवास्तव के परिश्रम का नजीता रहा कि टीम को विजेता बनाया। अंशुमान का कहना है कि खेल को हार और जीत के लिए न खेलकर सद्भावना से खेलें। उन्होने प्रतियोगिता को खेल की भावना से खेलने की बात कही। उन्होंने अपनी जीत पर अपने कोच, माता–पिता एवं दादा का आभार व्यक्त किया है।






### शुक्र मनाएं अधीर रंजन की सांसद वीरेंद्र का हाथ नहीं पड़ा : शशांक



**बलिया।** लोकसभा सदन में कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी और भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के बीच हुए विवाद में अब बेलहरी ब्लाक प्रमुख शशांक सिंह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। कहा कि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त बलिया के बागी तेवर को चरितार्थ किया है। कहा कि सदन में बैठकर आप सदन के नेता मतलब प्रधानमंत्री के बारे में कुछ भी बोल नहीं सकते। शुक्र मनाइए सांसद की हाथ अधीर रंजन पर नहीं पड़ा है। हमारे सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सूझबूझ का परिचय दिया है। कहा कि अधीर रंजन चौधरी सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त से डर गए हैं और हकलाने लगे है।

अधीर रंजन चौधरी ने अभी तक माफी नहीं मांगी है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अधीर रंजन का कोई अस्तित्व नहीं है। कहा कि एक छोटा सा जिला मुर्शिदाबाद के नेता है वह। अधीर रंजन से पहले यह दुस्सा?हस राहुल गांधी भी कर चुके है और उसका अंजाम क्या हुआ, यह भी पूरा देश जानता है। बावजूद अभी तक कांग्रेस सांसद व विधायक चेत नहीं रहे हैं। कहा कि अधीर रंजन को संसद में अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन मर्यादित भाषा में। आप प्रधानमंत्री की तुलना रावण से कैसे कर सकते है। यह कहीं से भी न्याय संगत नहीं है।

### परिवहन मंत्री के साथ सपा विधायक ने की चर्चा

**बलिया।** राजनीति में भाजपा और सपा भले ही आमने सामने हो लेकिन मंत्री और सपा के विधायक एक साथ बैठकर क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। इस समय विधानसभा का मानसून स्तर चल रहा है और सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों आमने सामने नजर आ रहे है। सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद सत्ता पक्ष के विधायक और मंत्री के साथ विपक्ष के विधायक कमरे में एक साथ बैठकर राजनीति पर चर्चा करते नजर आ रहे है। भाजपा पर हमला बोलने सिंकदरपुर के विधायक मो. जियादद्दीन रिजवी जो योगी सरकार के विकास से संतुष्ट नहीं है, लेकिन सत्ता पक्ष के मंत्री दयाशंकर सिंह के साथ एक फोटो में जरूर नजर आ रहे है। सवाल यह उठता है कि मंत्री और विधायक के बीच किस तरह की चर्चा हो रहा है वैसे इसे शिष्टाचार भेंट भी कह सकते है।

## ईश्वर भजन से मिलता है आत्मिक सुख



**बलिया।** बाबा बालखंडी नाथ जी मंदिर के प्रांगण में प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के संकल्प से चल रहे श्रीराम कथा के पांचवे दिन प्रेम भूषण जी महाराज ने प्रभु श्रीराम के बाल लीला व बच्चों के संस्कारों की कथा सुनाई। कथा के दौरान बीच-बीच में भगवान के भजन को सुनाकर प्रेम भूषण जी महाराज ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रेम भूषण जी महाराज ने कहा कि बच्चों की बाललीला ब्रह्मभाव की होती है। बालकों को यदि हम कोई संदेश देना चाहें तो वे नहीं मानते हैं, लेकिन जैसा हम करते हैं बच्चे भी वैसा ही करते हैं। यदि हम क्रोध करेंगे तो वे क्रोध करेंगे और कीर्तन करेंगे वे भी कीर्तन करेंगे, इसलिए बच्चों को हम अपने आचरण से समझाएं।

श्री रामकथा के माध्यम से भारतीय और पूरी दुनिया के सनातन समाज में अलख जगाने के लिए सुप्रसिद्ध कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज ने कहा कि अगर जीवन में हमें आत्मिक सुख की प्राप्ति करनी है तो हमें श्री राम कथा का गायन, मनन और श्रवण जरूर करना चाहिए। यह आवश्यक नहीं है कि हम घंटों बैठकर से रामकथा सुने अगर हम मन लगाकर 20 मिनट भी कथा सुनते हैं तो यह हमें आत्मिक सुख की प्राप्ति कराती है। कहा कि जैसे गंगा जहां जहां प्रवाहित होती हैं, उस क्षेत्र को पावन कर देती हैं ठीक उसी प्रकार जहां जहां कथा रस की वर्षा होती है, वहां के वातावरण को आलोकित कर देती है। भगवान भोलनाथ भी कथा को कामधेनु कहते हैं। रामकथा सुनने मात्र से सारे सुख प्रदान कर देती है,लेकिन कथा सत्संग का फल सत्कर्मों से मिलता है। बिना सत्संग के विवेक जाग्रत नहीं होता है। जब विवेक जाग्रत हो जाता है तो साधक यजन में और भगत भजन में लीन हो जाता है। भगवत भक्ति श्रद्धा और विश्वास के परिणय से होती है। जीवन में जिसके प्रति हम श्रद्धा रखते हैं, उसका हम आदर करते हैं।










## ग्राम प्रधान पति की हत्या से पूरे गांव में शोक व्याप्त, अफसरों ने लिया जायजा

# सनकी बाप ने फावड़े से की बेटे की हत्या

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के बरेसर थाना अंतर्गत दिलशादपुर गांव की महिला ग्राम प्रधान के पति की हत्या ने सबके रोंटगे खड़े कर दिए। सनकी बाप ने गुस्से में आकर अपने बेटे की हत्या कर दी। पुलिस की मानें तो क्रोधित पिता आपा खो बैठा और पुत्र को फावड़े से ताबड़तोड़ प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया है। इलाके के दिलशादपुर गांव निवासी वशिष्ठ सिंह और उनके बेटे शैलेन्द्र सिंह में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इस पर गुस्साए पिता ने बेटे के ऊपर फावड़े से कई प्रहार किए। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना शुक्रवार की रात्रि 11 बजे की बताई जा रही है। दूसरे दिन सुबह सूचना पाकर मौके पर पहुंची बरेसर थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।



बताया जा रहा है कि आरोपी पिता वशिष्ठ सिंह उर्फ बंगाली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि शैलेंद्र सिंह के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना को जानने और कत्ल को देखने के बाद सबका दिल दहल गया है। यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक वशिष्ठ सिंह का गांव के बाहर परसा-तिराहीपुर मुख्य मार्ग पर ट्यूबवेल है। शुक्रवार की देर रात किसी बात को लेकर वशिष्ठ सिंह और उसके बेटे शैलेंद्र सिंह के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में तमतमाए वशिष्ठ सिंह पास में पड़े फावड़े से शैलेंद्र सिंह के ऊपर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिससे शैलेंद्र सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुबह में किसी ने हत्या की सूचना मुकामी थाने को दी। बरेसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी पिता वशिष्ठ सिंह उर्फ बंगाली को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि घटना को वशिष्ठ सिंह ने अंजाम क्यों दिया? पुलिस ने बताया की अभी तहरीर नहीं मिली है। मृतक की पत्नी ग्राम प्रधान हैं। मौके पर आला अधिकारी पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गए हैं।

## पानी टंकी में डूबने से किसान की मौत

**गाजीपुर।** जनपद के करंडा ब्लाक अंतर्गत सरौली गांव में खेत की सिंचाई कर रहे किसान की पानी टंकी में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही घर में मातम छा गया। बता दें कि सरौली निवासी किसान अंबिका यादव (50) रात में खाना खाने के बाद खेत में नलकूप से सिंचाई करने गया था। अगली सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली की सरकारी नलकूप के टैंक में किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन भी खेत की तरफ पहुंचे, तो देखा कि अंबिका का शव पानी टंकी में पड़ा हुआ है। यह देखकर परिजन रोने चिल्लाने लगे और शव निकालकर घर लाए तथा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ग्रामीण आशंका जता रहे हैं कि अंबिका पानी टंकी के पास जल पीने गए होंगे और संतुलन बिगड़ने से टंकी में गिरकर डूब गए। मृतक की तीन संतानों में दो पुत्रियाँ और एक पुत्र है। बेटा महाराष्ट्र में एक कंपनी में नौकरी करता है। पत्नी का नाम प्रभा है। जिसका रोते-रोते बुरा हाल है।

## युवक ने तिरगांवा पुल गंगा में लगाई छलांग

**चंदौली।** बलुआ थाना के पलिया गांव निवासी एक युवक शनिवार की दोपहर तिरगांवा पुल से गंगा में कूद गया। सूचना पर सैदपुर पुलिस गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में युवक की तलाश शुरू की लेकिन देर शाम तक युवक का पता नहीं चला। युवक पलिया गांव निवासी कन्हैया यादव (33) पुत्र रामगति यादव मुंबई में काम करता था। परिवार वालों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से कन्हैया तनाव में चल रहा था। शनिवार की दोपहर में वह अपनी स्कूटी लेकर तीरगांवा सैदपुर पुल पर पहुंचा। यहां उसने अपनी स्कूटी खड़ी कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह कुछ देर रेलिंग के पास खड़ा रहा और अचानक उसने गंगा नदी में छलांग लगा दी। देखते ही देखते पुल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। किसी ने गंगा नदी में युवक के कूदने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर गाजीपुर की सैदपुर थाने और चंदौली के बलुआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना स्थल गाजीपुर के सैदपुर थाने का होने के कारण सैदपुर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

## एक नजर

## फरियादियों की अर्जी को ठीक से पढ़ कर निस्तारित करें पुलिस: जिलाधिकारी

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने थाना दिवस पर शनिवार को सैयदराजा थाने में फरियाद लेकर आए लोगों की जनसुनवाई की। सुनवाई के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों द्वारा दी गई अर्जी व शिकायतों को ध्यान से पढ़ें। मामले की वास्तविकता जाने और फिर उसके अनुसार निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी द्वारा सुनवाई के दौरान जन शिकायत रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया। भू-राजस्व से संबंधित मामलों में उन्होंने हिदायत दिया कि लेखपालों द्वारा अधिकांश मामलों में कोर्ट जाने की नसीहत देने के बजाय उन मामलों का वास्तविक रूप से निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान अनुपस्थित लेखपाल धर्मेंद्र यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलदार से लेखपालों की लिस्ट मंगा कर उनका रोस्टर जारी किया जाय और सुनवाई के दौरान लेखपाल उपस्थित अवश्य रहे। जिलाधिकारी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को सही फार्मेट पर रजिस्टर मेंटेन करने की हिदायत देते हुए कहा कि थाना दिवस मात्र औपचारिकता बनकर न रहे, बल्कि शासन की मंशानुरूप समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए।



## मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत गुरुकुल स्कूल में हुआ पौधारोपण का आयोजन

**चंदौली।** मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को गुरुकुल स्कूल में किया गया। इस दौरान स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अपने-अपने घरों से मिट्टी और पौधा लेकर आए, जिसे शिक्षकों के संरक्षण व सहयोग से रोपित किया गया। बच्चों ने अपनी माटी और अपने देश की सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य कृष्णकांत ने सरकार के मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में बारे में जानकारी दी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत देश के कोने-कोने से जमा मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका निर्माण कराया जाएगा। बताया कि मेरी माटी, मेरा देश अभियान के दौरान क्रांतिकारियों, शहीदों और भारत की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा को बेहतर बनाने में योगदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके साथ ही हमारे गोरव का प्रतीक तिरंगा को हर घर पर फहराया जाना है। कहा कि आज हम सभी इस कार्यक्रम के जरिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे देश व्यापी कार्यक्रम का हिस्सा बन गए हैं। हम सभी को मिलकर यह प्रण लेना होगा कि आगे चलकर अपनी माटी और अपने राष्ट्र की सुरक्षा में अपना-अपना योगदान देंगे। साथ ही पढ़-लिखकर बेहतर व शिक्षित समाज की परिकल्पना को भी साकार करेंगे। इस अवसर पर रोशन मौर्य, सुभाष चन्द्र, शिवानी गुप्ता, मधु श्रीवास्तव, खुशबू सिद्दीकी, शमशुद्दीन, परवेज खान आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रबंधक इसरार अहमद खान ने किया।



## मुख्तार अंसारी की बहू को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**गाजीपुर।** सर्वोच्च न्यायालय ने माफिया मुख्तार अंसारी की बहू तथा सुभासपा के विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निकहत बानो को जमानत दे दी है। बता दें कि निकहत बानो को जेल में अपने पति के साथ कथित गैरकानूनी मुलाकात के मामले में गिरफ्तार किया गया था। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने निखत को राहत दी है। पीठ का कहना है कि याचिकाकर्ता एक साल के बच्चे की मां है।

कोर्ट ने बानो को निचली अदालत से अनुमति लिए बिना अपने पति अब्बास अंसारी से मिलने पर भी रोक लगा दी है। बता दें कि मऊ से विधायक एवं जेल में बंद गैंगस्टर मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास अंसारी धनशोधन मामले में कासगंज की एक जेल में बंद है। उनकी पत्नी निकहत बानो ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

दरअसल हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आरोपों की गंभीरता और मामले में बानो की संलिप्तता को देखते हुए 29 मई को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करके अंसारी और उसकी पत्नी बानो के साथ-साथ उनके चालक नियाज की मुलाकात की जानकारी मिलने पर चित्रकूट जिला जेल में छापा मारा था। बानो के पास से कई मोबाइल फोन और विदेशी मुद्रा समेत अन्य सामग्री मिली थी। बाद में बानो और नियाज को गिरफ्तार कर लिया गया। बानो पर गवाहों को धमकाने, अपने पति के लिए जेल में सुविधाएं उपलब्ध कराने, जेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रलोभन देने और उपहार देने का आरोप लगाया गया है।

## शौच के लिए गई किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी फरार

चंदौली। सैयदराजा थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात शौच के लिए गई किशोरी से गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद युवक वहां से भाग गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी को मेडिकल मुआयना के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। गांव निवासी 16 वषीर्या किशोरी के पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। शुक्रवार की देर शाम किशोरी शौच के लिए घर के पीछे गई थी। आरोप है कि गांव का 35 वर्षीय व्यक्ति ईंट भट्ठे पर काम करता है। वह वहीं पर पहले से मौजूद था। किशोरी के पहुंचते ही उसने पकड़ लिया। उसे कुछ दूरी पर सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवक वहां से भाग गया। किशोरी ने घर आकर परिवारों को इसकी जानकारी दी। परिवार वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल किया।

## जल निकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सड़क के बीच पानी में धान की रोपाई कर जताया आक्रोश

**गाजीपुर।** रेवतीपुर विकास खंड के नगदीलपुर गांव में जल निकासी की समस्या तथा गांव के मुख्य मार्ग पर महीनों से जलजमाव से नाराज लोगों का धैर्य जबाब दे गया। आक्रोशित महिला-पुरूषों ने जलजमाव के बीच खड़े होकर प्रदर्शन करने के अलावा पानी में धान की रोपाई कर अपना आक्रोश जाहिर किया। ग्रामीणों ने बताया जलनिकासी को लेकर पहले भी कई बार ब्लाक स्तर से लगायत जिला स्तर तक के अधिकारियों से शिकायत किया गया था। मगर जिम्मेदारों द्वारा समस्या के सामाधान के दिए गए आश्वासन के बाद भी स्थिति बेहद बदतर होती जा रही है। लोगों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर गंदे पानी से निकल रहे दुर्गंध से लोगों का जीना दूभर हो गया है। कहा कि यही स्थिति रही तो भविष्य में संक्रामक रोगों के फैलने से नहीं रोका जा सकता है। साथ ही लोगों ने चेताया कि अगर एक हफ्ते के अंदर इसका निदान नहीं किया गया, तो ग्रामीण ब्लाक मुख्यालय का घेराव करने के साथ ही ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाई-वे को जाम करेगें। जिसकी पूरी जिम्मेदारी महकमें के अधिकारियों की होगी।



ग्रामीणों ने बताया कि यह स्थिति पिछले करीब चार माह से है। लोगों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों सहित अन्य बुजुर्ग महिला पुरूषों को होती है। बताया कि बावजूद ग्रामीण व इस मार्ग से गुजरने वाले विभिन्न राहगीर, वाहन चालक आदि मजबूरी में जान हथेली पर रख जलजमाव के बीच से होकर आते-जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार तो लोग इससे गुजरते समय गिरकर चोटिल भी हो जाते है। लोगों ने कहा कि सबसे हैरानी तो इस बात की है कि इस मार्ग से होकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी आवागमन करते है। मगर किसी का ध्यान इस ओर न जाना समझ से परे है। मौके पर समाजसेवी व जिला पंचायत प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, भीष्म यादव, राम सुरेश, मोहन उपाध्याय, मनोज यादव, सुख्खन चौधरी, बेचन चौधरी आदि मौजूद थे।






## कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिया आदेश

# पुराने गैंग के सदस्यों की संपत्ति कुर्क करें

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अभियोजन शाखा की समीक्षा के दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन ने बताया कि गत माह अधीनस्थ न्यायालय से एक एवं सत्र न्यायालय से 16 मामलों में रिहाई के आदेश जारी हुए। सत्र न्यायालय के सारे रिहाई पक्षद्रोहिता के कारण हुए। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के तहत 1 में सजा 1 मे रिहाई, पॉक्सो एक्ट के तहत 2 मामलों में सजा 7 में रिहाई तथा एससी/एसटी एक्ट के तहत दो मामलों में रिहाई हुई। जिलाधिकारी ने रिहाई के मामलों में अपील दाखिल करने के निर्देश अभियोजन पक्ष को दिए।



उन्होंने समस्त थानाध्यक्षों को पुराने गैंग चार्ट के सदस्यों की चल एवं अचल संपत्ति को चिन्हित करते हुए कुर्क की कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। मुख्तार अंसारी से जुड़े मुकदमों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने प्राथमिकता के आधार पर मुख्तार से संबंधित मामलों में पैरवी कर सजा दिलाने के प्रयास करने के निर्देश दिए। कई मामलों में गवाहों के बिना गवाही की वापसी का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने उपस्थित गवाहों की गवाही अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश अभियोजन पक्ष को दिए। इस संबंध में उन्होंने पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

**अवैध शराब से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें :** कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अवैध व जहरीली शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर छापेमारी करने के निर्देश जिला आबकारी अधिकारी को दिए गए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र घोसी के उपचुनाव के दृष्टिगत लगातार छापेमारी कर अवैध शराब से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बिना लाइसेंस वाली दुकानों के खिलाफ भी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने 1 सप्ताह के अंदर बिना लाइसेंस वाली दुकानों के खिलाफ की गई कार्रवाई की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गैंगस्टर एक्ट के तहत जारी कुर्की के आदेशों का यथाशीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गुंडा एक्ट के तहत जारी नोटिसों की समय से तमिला कराने एवं जिला बदर लोगों का सत्यापन कर आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया। विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े समस्त अधिकारियों को अपनी समस्त तैयारियां पूर्ण रखने को कहा।उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन एवं कानून व्यवस्था से जुड़े समस्त अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, जिससे निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी एवं सफल ढंग से संपन्न किया जा सके। जिलाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अध्ययन करने एवं उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## ट्रेन से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के चकरा हाल्ट के पास गुजरात से कमा कर घर लौट रहे युवक की लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक सिद्धार्थ नगर जिले के जोगिया उदयपुर थाना अंतर्गत कडजहवां गांव का निवासी संतराम का बेटा अजय कुमार था। जो गुजरात में किसी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। लिच्छवी एक्सप्रेस से वो अपने घर जा रहा था। हलधरपुर थाना क्षेत्र के चकरा हाल्ट के पास वो ट्रेन से नीचे गिर गया और दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जेब की तलाशी ली। जिसमें रखी आईडी से पहचान कर पुलिस ने परिजनों को सूचित किया। जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान करने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराया।

## सीसीटीवी कैमरे लगने से आपराधिक घटनाओं पर लगेगी लगाम : एसपी

**मऊ।** ऑपरेशन दृष्टि अभियान के अंतर्गत एसपी अविनाश पांडेय ने मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली में सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कोतवाली परिसर में एलसीडी के माध्यम से कोतवाली क्षेत्र के कुल 72 स्थान पर 130 सीसीटीवी कैमरे लगे तथा 11 स्थानों पर 31 सीसीटीवी कैमरे की लाइव मॉनिटरिंग की। उन्होंने सीसीटीएनएस प्रभारी से एक-एक कमरे की जानकारी प्राप्त की और इसके लग जाने से क्षेत्र में होने वाली विभिन्न घटनाओं पर रोक लगाने के संबंध में लोगों को विस्तार से बताया।



उन्होंने कहा कि मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न चट्टी चौराहों, बैंकों, पेट्रोल पंपों, विद्यालयों, मस्जिद, शराब की दुकानों, ईंट भट्ठा एवं सार्वजनिक स्थानों के साथ-साथ मुख्य बाजारों में सीसीटीवी कैमरे लग जाने से क्षेत्र में होने वाली चोरी, छिनैती जैसी छोटी एवं बड़ी घटनाओं पर नजर रखी जाएगी। इससे अपराध एवं अपराधियों पर लगाम कसेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो भी सीसीटीवी कैमरे समाजसेवियों एवं संभ्रांत लोगों, पेट्रोल पंप मालिकों, विद्यालय संचालकों द्वारा लगाए गए हैं। उसकी हार्डिस्क को अपने पास सुरक्षित रखें।

## युवाओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**मऊ।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जनपद मऊ के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव को जीवंत करने के लिए आज अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में युवाओं को नशा मुक्ति के संबंध में शपथ दिलाई गई एवं मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद में गठित मंगल दल के सदस्यों द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ. एससी तिवारी ने पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बीनू कुमार सिंह प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी, मुकेश सबरवाल उपक्रीड़ा अधिकारी, ओमेंद्र सिंह, चौधरी सर्वेश सिंह कनिष्क सहायक, शिव मोहन सिंह सहित व अन्य उपस्थित रहे।








